देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 104 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 25 मई 2019

**विचार–प्रवाह...** दहेज हत्या–घरेलू हिंसा चिंतनीय





मौसम अधिकतम 35.0° न्यूनतम 21.0° | 39110.21 | 2 मिलकर करना चाहते है कामः इमरान | 7 राजनीति में भी गंभीर की शानदार ओपनिंग

## एनडीए संसदीय दल की बैठक आज
# विजयी सांसदों को दिल्ली बुलाया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव में बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए की रेकॉर्ड जीत के बाद नई सरकार गठित होने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस क्रम में एनडीए संसदीय दल की बैठक आज शाम 5 बजे बुलाई गई है। इसमें गठबंधन के सभी नवनिर्वाचित सांसद शामिल होंगे। बताया जा रहा है कि इस दौरान औपचारिक रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नेता चुना जा सकता है। उधर, शनिवार को ही बीजेपी संसदीय दल की भी बैठक होनी है।

आपको बता दें कि बीजेपी ने अकेले 302 सीटें जीतकर इतिहास रच दिया है। एक सीट पर परिणाम अभी नहीं आए हैं, यहां बीजेपी आगे चल रही है।

एनडीए गठबंधन की बात करें तो यह आंकड़ा 353 तक पहुंच गया है। वहीं यूपीए के खाते में 92 और महागठबंधन को मात्र 15 सीटें मिली हैं। बीजेपी समेत समूचे सहयोगी दलों में जश्न का माहौल है और इसके साथ कैबिनेट में जगह को लेकर भी चर्चा का दौर शुरू हो गया है।

बीजेपी ने विपक्ष पर भी निशाना साधा। प्रस्ताव में कहा गया, इस चुनाव में विपक्ष ने लोकतंत्र को हराने की लगातार कोशिशें की।



### बंगाल के चार सांसदों को कैबिनेट में जगह?

सूत्रों के हवाले से बताया है कि इस बार पश्चिम बंगाल के चार सांसदों को कैबिनेट में जगह मिल सकती है। इस बात को लेकर स्टेट बीजेपी के नेता भी आश्वस्त दिख रहे हैं। दरअसल, लोकसभा चुनाव में जीत के बाद अब बीजेपी की नजर 2021 में होने वाला विधानसभा चुनाव पर हैं।

# हार के बाद कांग्रेस में बेचैनी
## राज बब्बर और अमेठी जिला अध्यक्ष के इस्तीफे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। लोकसभा चुनाव में एक बार फिर करारी शिकस्त के बाद कांग्रेस में जबर्दस्त उथलपुथल चल रही है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी लेते हुए प्रदेश अध्यक्ष राज बब्बर ने अपना इस्तीफा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को भेज दिया है। अमेठी में राहुल गांधी की हार की जिम्मेदारी लेते हुए जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा ने भी अपना इस्तीफा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को भेज दिया है। इधर, लोकसभा और विधानसभा चुनावों में पार्टी के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद ओडिशा के कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष निरंजन पटनायक ने भी इस्तीफा दे दिया है।

उत्तर प्रदेश में कांग्रेस महज एक सीट जीत सकी है। फतेहपुर सीकरी से कांग्रेस के उम्मीदवार राज बब्बर को खुद हार का सामना करना पड़ा। बीजेपी के उम्मीदवार राजकुमार चाहर ने राज बब्बर को तीन लाख से ज्यादा वोटों से चुनाव हराया। पार्टी ने पहले राज बब्बर को मुरादाबाद से प्रत्याशी बनाया था, लेकिन उन्होंने वहां से चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था।

**नेतृत्व से मिलकर अपनी बात रखूंगाः** मुरादाबाद की सीट नकारने के बाद राज बब्बर को फतेहपुर सीकरी से मैदान में उतारा गया। बीजेपी ने फतेहपुर सीकरी से मौजूदा सांसद चौधरी बाबूलाल का टिकट काटकर राजकुमार चाहर को प्रत्याशी बनाया था। तब माना जा रहा था कि बीजेपी का नुकसान हो सकता है, लेकिन चौंकाने वाले नतीजे आए।



### अमेठी जिला अध्यक्ष ने भी दिया इस्तीफा

इधर अमेठी में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को भी करारी हार का सामना करना पड़ा। इस हार की नैतिक जिम्मेदारी जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा ने ली है। उन्होंने अपना इस्तीफा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को भेज दिया है।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष निरंजन पटनायक ने भी इस्तीफा दिया

## संक्षिप्त समाचार

### ममता का मंथन, बुलाई पार्टी नेताओं की बैठक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
कोलकाता। लोकसभा चुनाव 2019 के नतीजे आने के बाद पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की अगुआई वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को बड़ा झटका लगा है। बीजेपी ने राज्य में शानदार प्रदर्शन करते हुए 18 सीटें हासिल की हैं। वहीं टीएमसी अपने पिछले प्रदर्शन को नहीं दोहरा सकी है। अब सीएम ममता बनर्जी ने नतीजों के बाद पैदा हुए हालात पर चर्चा के लिए अपने नेताओं की बैठक बुलाई है। टीएमसी सुप्रीमो ममता ने कोलकाता के कालीघाट स्थित अपने आवास पर शनिवार को पार्टी के नेताओं को मंथन के लिए बुलाया है।

### सपा ने पार्टी के सारे मीडिया पैनलिस्ट हटाए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
लखनऊ। लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के साथ ही केंद्र में एक बार फिर मोदी सरकार का रास्ता साफ हो गया है। खराब चुनाव परिणामों से नाराज समाजवादी पार्टी (एसपी) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पार्टी के सभी मीडिया पैनलिस्ट को उनके पद से हटा दिया है। ये मीडिया पैनलिस्ट पार्टी का पक्ष रखने के लिए न्यूज चैनलों पर नजर आते थे।

### मोदी और शाह ने आडवाणी, जोशी से लिया आशीर्वाद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
लखनऊ। नई दिल्ली। लोकसभा चुनावों में बीजेपी की प्रचंड जीत के बाद शुक्रवार सुबह पीएम नरेंद्र मोदी और बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी और फिर मुरली मनोहर जोशी से मिलने पहुंचे। मोदी ने पैर छूकर आडवाणी से आशीर्वाद लिया। वहीं मुरली मनोहर जोशी ने गर्मजोशी से गले मिलकर मोदी को पार्टी की महाजीत की बधाई दी। मोदी ने लोकसभा चुनावों में बीजेपी की ऐतिहासिक जीत का श्रेय आडवाणी को दिया।

# आग से 19 छात्रों की मौत
## मरने वालों में ज्यादातर कोचिंग में पढ़ने वाले छात्र, 50 छात्र थे मौजूद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

सूरत। सूरत के मुंबई–अहमदाबाद हाइवे के पास स्थित एक कमर्शल कॉम्प्लेक्स में शुक्रवार को भीषण आग लग गई। आग में फंसे लोगों ने जान बचाने के लिए बिल्डिंग से कूदना शुरू कर दिया। अभी तक इस घटना में 19 छात्रों के मारे जाने की खबर है। सूरत के पुलिस कमिश्नर सतीश कुमार मिश्रा ने 19 लोगों की मौत की पुष्टि करते हुए कहा कि अभी यह आंकड़ा और बढ़ सकता है।

सरथना इलाके में स्थित तक्षशिला कॉम्प्लेक्स एक कमर्शल कॉम्प्लेक्स है और इसमें कई दुकानें और कोचिंग सेंटर्स हैं। मृतकों में ज्यादातर स्टूडेंट हैं, जो कॉम्प्लेक्स में स्थित एक कोचिंग में पढ़ने आए थे। गुजरात मुख्यमंत्री कार्यालय ने बयान जारी कर कहा, मुख्यमंत्री विजय रुपाणी ने आग की घटना की जांच के आदेश दिए हैं। वही वह खुद भी सूरत के लिए रवाना हो गए है। मुख्यमंत्री ने घटना में जान गंवाने वाले हर छात्र के परिवार को 4 लाख रुपये की आर्थिक मदद देने का ऐलान किया है।

बताया जाता है कि आग कॉम्प्लेक्स की दूसरी मंजिल पर स्थित कोचिंग सेंटर में लगी है। इस दौरान कुछ छात्रों कूदकर जान बचाई है। घटनास्थल पर फायर ब्रिगेड की 18 गाड़ियां पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया है। बताया जा रहा है शॉर्टसर्किट के कारण कोचिंग सेंटर में आग लगी है।



### घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जताया दुख

सूरत के कोचिंग सेंटर में लगी आग पर पीएम नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है। पीएम ने गुजरात सरकार से बात करके हर संभव मदद देने को कहा है। पीएम मोदी ने घटना पर दुख जताते हुए कहा है कि सूरत में लगी आग की घटना से दुखी हूं। मेरी संवेदना शोक संतप्त परिवारों के साथ है। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। गुजरात सरकार और स्थानीय अधिकारियों से प्रभावित लोगों को हर संभव मदद पहुंचाने के लिए कहा गया है।

### जरूरतमंदों की मदद करें भाजपा कार्यकर्ताः अमित शाह

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने भी इस हादसे पर दुख जताया है। अमित शाह ने भाजपा कार्यकर्ताओं से जरूरतमंदों की मदद करने के लिए कहा है।

### आग के वक्त बिल्डिंग में मौजूद थे 50 से ज्यादा छात्र

मौके पर फायर ब्रिगेड की 18 गाड़ियां मौजूद हैं और आग बुझाने का प्रयास कर रही हैं। आग के वक्त बिल्डिंग में 50 से ज्यादा बच्चे और टीचर मौजूद थे। मृतकों का आंकड़ा बढ़ सकता है। ज्यादातर छात्रों की मौत घबराहट में बिल्डिंग से छलांग लगाने की वजह से हुई है।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# मंत्रालयों के बंटवारे पर अटकलें तेज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के दूसरे दिन शुक्रवार को केंद्रीय कैबिनेट ने 16वीं लोकसभा भंग करने की सिफारिश की। पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार शाम हुई कैबिनेट की बैठक में यह प्रस्ताव पास किया गया। इस चुनाव में बीजेपी की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को जबर्दस्त जीत हासिल हुई है। सूत्रों ने बताया कि इस बारे में कैबिनेट की सिफारिश मिलने के बाद राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद वर्तमान लोकसभा भंग करने की कार्रवाई करेंगे।

आपको बता दें कि 16वीं लोकसभा का कार्यकाल 3 जून को समाप्त हो रहा है। 17वीं लोकसभा का गठन 3 जून से पहले किया जाना है और नए सदन के गठन की प्रक्रिया अगले कुछ दिनों में तब शुरू होगी जब तीनों चुनाव आयुक्त राष्ट्रपति राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मिलेंगे और नवनिर्वाचित सदस्यों की सूची सौंपेंगे।

### कैबिनेट ने 16वीं लोकसभा भंग करने की सिफारिश की